अजीत समाचार

# एस.डी. महिला महाविद्यालय में ऑनलाइन देशभक्ति गीत व रागिनी प्रतियोगिता आयोजित



नरवाना : एस.डी. महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन देशभक्ति गीत और रागिनी प्रतियोगिता की विजेता छात्रा।

नरवाना, 17 अगस्त (विकास जेठी) एस डी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना और सांस्कृतिक विभाग के संयुक्त सौजन्य से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन देशभक्ति गीत और रागिनी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डॉ नयनदीप ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति की भावना और प्रेम को जागृत करना है इस प्रतियोगिता में कुल 7 कॉलेजों ने भाग लिया जिसमें के एम महाविद्यालय नरवाना, एस डी महिला महाविद्यालय नरवाना, एसडी कॉलेज अंबाला कैंट, एस ए जैन कॉलेज अंबाला शहर, आईजी कॉलेज कैथल ,राजकीय कॉलेज महाविद्यालय सफीदों कॉलेज से दो विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का परिणाम आज घोषित किया गया। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा और जसबीर ने निभाई। इसमें प्रथम स्थान एस ए जैन कॉलेज से बी ए . प्रथम वर्ष के छात्र तरुण, द्वितीय स्थान एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की प्रथम वर्ष की छात्रा चेष्टा, और तृतीय स्थान राजकीय महाविद्यालय सफीदों के बीए तृतीय वर्ष के छात्र अमित ने प्राप्त किया। छात्राओं को नकद पुरस्कार 700, 500 और 300 देकर व ई सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. अंजना लोहान ने सभी विजित विद्यार्थियों को शाबाशी दी और प्रतिभागी छात्राओं को आगे इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, सचिव जिया लाल गोयल, उप प्रधान राम कुमार गोयल ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

30 Aug, 2022 :- खेल दिवस के अवसर पर दौ
प्रतियोगिता।



# छात्राओं मे पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा का आयोजन



**नरवाना : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में छात्राओं मे पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा में भाग लेती छात्राएं।**

नरवाना, 13 सितम्बर (विकास जेठी) : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की एनएसएस की छात्राओं ने राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर जागरूकता लाने के लिए छात्राओं मे पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. शालू सचदेवा और कांता जागलान के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा सही पोषण आहार ही जीवन का आधार नामक विषय को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। साथ ही इस स्पर्धा में छात्राओं द्वारा फल, सब्जियां, औषधियों के चित्र बनाए। पोस्टर के माध्यम से स्वस्थ खाने व स्वस्थ रहने पर जोर दिया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के निर्णायिक मंडल में जसबीर, चेष्टा मैडम, नीलम मैडम ने भूमिका निभाई इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी कॉम फाइनल की प्रीति, द्वितीय स्थान बी ए फाइनल की सरिता और तृतीय स्थान बी काम फाइनल की अनु रानी ने प्राप्त किया।

दैनिक सवेरा

# राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता में पानीपत का रितिक रहा प्रथम

सवेरा न्यूज/मनदीप

नरवाना : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रभाषा को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रभाषा हिन्दी को उसका सम्मानजनक स्थान दिलवाना है और इसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अनिता छाबड़ा और कांता जागलान ने निभाई। प्राचार्या ने बताया कि अव्वल विद्यार्थियों को नगद पारितोषिक व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, राजकुमार गोयल, जियालाल गोयल, जवाहर लाल सिंगला ने विजेता विद्यार्थियों व हिंदी विभाग को बधाई देते हुए इसी तरह के कार्यक्रम आगे भी करवाते रहने के लिए प्रेरित किया।

दैनिक सवेरा 20.9.2022

# राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

अजीत

नरवाना, 19 सितम्बर (विकास जैठी) : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई, जिसमें देश भर से अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने बड़े उत्साह एवं गर्व से बताया कि प्रति वर्ष की भाँति इस बार भी राष्ट्रभाषा को बढ़ावा देने के लिए हमने यह प्रतियोगिता करवाई। हमारा उद्देश्य मां हिंदी को उसका सम्मानजनक स्थान दिलवाना है, इसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। निर्णायक मंडल की भूमिका निभाने वाली हिंदी विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर अनीता छाबड़ा एवं प्राध्यापिका सुश्री कांता जागलान ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि इस प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान आर्य कॉलेज पानीपत के छात्र रितिक, दूसरा स्थान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के ज्योतिष मौर्य तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय रानियां सिरसा की छात्रा नवीन तथा तीसरा स्थान एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा शीतल ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों के खाते में रूपए 600, रूपए 400, रूपए 200 क्रमशः नगद पुरस्कार ई सर्टिफिकेट विजेता विद्यार्थियों की ईमेल पर भेज दिए गए। प्रतियोगिता के आयोजन में हिंदी विभाग की प्राध्यापिकाओं रुकमणी सैनी, सुदेश बनवाला व डा. शालू गर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल, सचिव जियालाल गोयल, कोषाध्यक्ष जवाहर लाल सिंगला ने विजेता विद्यार्थियों व हिंदी विभाग को बधाई देते हुए इसी तरह के कार्यक्रम आगे भी करवाते रहने के लिए प्रेरित किया।



अजीत समाचार 20.9.2022

पंजाब केसरी 20.9.2022

पंजाब

# राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

## आर्य कॉलेज पानीपत के छात्र रितिक ने पाया प्रथम स्थान

नरवाना, 19 सितम्बर (राजीव) : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाने वाली हिंदी विभाग की अध्यक्षा डा.अनीता छाबड़ा एवं प्राध्यापिका कांता जागलान ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि इस प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान आर्य कॉलेज पानीपत के छात्र रितिक, दूसरा स्थान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के ज्योतिष मौर्य तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय रानियां सिरसा की छात्रा नवीन तथा तीसरा स्थान एस.डी. महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्रा शीतल ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार व ई सर्टिफिकेट भेजे गए। संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल, महासचिव जियालाल गोयल, कोषाध्यक्ष जवाहर लाल सिंगला व प्रिंसीपल डा.अंजना लोहान ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

हिन्दी दिवस भाषण प्रतियोगिता का परिणाम

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में हिंदी दिवस 14 सितंबर के अवसर पर 'हिंदी की दशा एवं दिशा' विषय पर ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई । प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा:-

1. प्रथम स्थान :-रितिक गोयल एम कॉम (फाइनल) आर्या पीजी कॉलेज पानीपत

   Phone no. 9068355948 ,ACC. No. 65750100016522

2. दूसरा स्थान:-नवीन फाइनल ईयर गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स रानियां, सिरसा

   Phone no. 8168373201 , ACC. No. 35267747992

3. दूसरा स्थान : ज्योतिष मौर्य महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी

   Phone no:-9452633532

   ACC. No:-22043211010241 UCO bank Ifcc:- ucba0002204

4. तृतीय स्थान:- शीतल बीएससी फर्स्ट ईयर S. D. M. M. V Narwana

   Phone no:-7082223284

   ACC. No.:- 38924883428

24 Sep. 2022 : NSS Day के अवसर पर One day Camp का आयोजन।

DATE: / / 20
PAGE No









सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता पर छात्राएं व स्टाफ।

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का किया आयोजन

नरवाना, 12 अक्तूबर (विकास जेठी) : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में प्राचार्या डॉ अंजना लोहान के अध्यक्षता में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ व गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त सौजन्य से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने अन्य छात्राओं व स्टाफ सदस्यों के हाथों में अरेबिक, मारवाड़ी, बोम्बें स्टाइल इत्यादि शैलियों में मेहंदी लगाकर अपनी कला का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। मेहंदी के माध्यम से फूल, पत्तियां, मोर, दूल्हा-दुल्हन, कलश इत्यादि के चित्र बनाकर अपनी भावना तथा प्रकृति के अनूठे रंगों को व्यक्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका सुमन गर्ग, मूर्ति जागलान तथा डॉ शालू गर्ग ने निभाई। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहंदी लगाना भी अपने आप में एक हुनर है। इस हुनर को आप रोजगार का माध्यम भी बना सकती हैं। आज मेहंदी कला का महत्त्व बहुत बढ़ चुका है। अनेक अवसरों पर महिलाओं द्वारा मेहंदी लगवाई जाती है। अंजू बी.ए, सेकंड ईयर व मन्नू बी.ए, फर्स्ट ईयर की छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता के अंत में विजेता छात्राओं को सम्मानित किया।

22 Nov. 2022 संविधान दिवस के अवसर पर Legal Literacy Cell और NSS के संयुक्त तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



# एस डी महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया

नरवाना, 26 नवंबर (विकास जेठी) : एस डी महिला महाविद्यालय की सामाजिक संकाय और एनएसएस इकाई के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया इस अवसर पर सँविधान की प्रस्तावना की शपथ हिंदी प्रवक्ता डॉ शालू गर्ग द्वारा दिलवाई गई। और इस अवसर डॉ नयनदीप ने छात्राओं को संबोधित किया और सँविधान के महत्ता की जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ शालू सचदेवा ने नागरिक के अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने और जाति पाती से उपर उठकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की बात कही। रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा भी मौजूद रहे।कॉलेज प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने सभी को सँविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। एस डी महिला महाविद्यालय की सामाजिक संकाय और एनएसएस इकाई के द्वारा संविधान दिवस मनाया



नरवाना : एसडी महिला महाविद्यालय की सामाजिक संकाय और एनएसएस इकाई द्वारा संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना की शपथ लेती छात्राएं।

गया इस अवसर पर सँविधान की प्रस्तावना की शपथ हिंदी प्रवक्ता डॉ शालू गर्ग द्वारा दिलवाई गई। और इस अवसर पर अर्थशास्त्र की प्रवक्ता डॉ नयनदीप ने छात्राओं को संबोधित किया और सँविधान के महत्ता की जानकारी दी इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ शालू सचदेवा ने अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने और जाति पाती से उपर उठकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की बात कही। रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा भी मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने सभी को सँविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही डॉ नयनदीप , रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा, सुमन गर्ग, सुमन खटकड़, गीता बनवाला, सुदेश, मीनाक्षी आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। साथ ही नयनदीप, रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा, सुमन गर्ग, सुमन खटकड़ , गीता बनवाला, सुदेश, मीनाक्षी आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# एसडी महिला महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस मनाया

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**नरवाना/नरेन्द्र जेठी :** एसडी महिला महाविद्यालय की रेड क्रॉस सेल रेड रिबन क्लब और एनएसएस यूनिट के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने मानव श्रृंखला में एड्स चिन्ह बनाकर और रेड रिबन लगाकर जागरूक किया गया। रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ शालू सचदेवा और कांता जागलान द्वारा ने बताया कि हर साल विश्व एड्स दिवस पर थीम रखा जाता है, इस साल की थीम, रोगों से दूर रहो, ना कि रोगी से है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि एचआईवी एवं एड्स से संबंधित तथ्य को उजागर कराना इसका प्रमुख उद्देश्य है। रेड क्रॉस अधिकारी डॉ नयनदीप और डॉ अनीता छाबड़ा ने बताया कि इस दिवस को मनाने के पीछे इसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए इस महामारी के लिए जागरूकता बढ़ाना है। एचआईवी/ एड्स शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। हर वर्ष विश्व एड्स दिवस अभियान स्वच्छता के अधिकार की अवधारणा को प्रस्तुत करना है। इस महामारी को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में लोगों के ज्ञान में समझ को विकसित करना है! प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने इस अवसर पर कहा है कि इस बीमारी में एड्स रोगी से हमें सद्व्यवहार करना चाहिए। यह रोग छूने या साथ रहने से नहीं फैलता। एड्स रोगी के खून के संक्रमण से फैलता है। इस अवसर पर रेखा कोहली, रुक्मिणी, मूर्ति, गीता बनवाला, सुजाता, सुमन नेहरा,शालू गर्ग ,जसबीर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



एसडी महिला महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर छात्राएं मानव श्रृंखला में एड्स चिन्ह बनाकर और रेड रिबन लगाकर जागरूक करते हुए।

# विश्व मानवाधिकार दिवस आयोजित




नरवाना : विश्व मानवाधिकार दिवस पर चर्चा करती स्टॉफ सदस्य। (छाया : जेठी)

नरवाना, 10 दिसंबर (विकास जेठी) : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना और लीगल लिटरेसी सेल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं को कॉलेज की राजनीतिक शास्त्र की प्रवक्ता गीता बनवाला ने मानवाधिकार के अर्थ को समझाते हुए व्याख्यान प्रस्तुत किया। गीता बनवाला ने अपने व्याख्यान में मानवाधिकारों के प्रकारों व नैतिक सिद्धांतों से छात्राओं को परिचित करवाया । लीगल लिटरेसी सेल के प्रभारी डॉ अनीता छाबड़ा ने बताया कि मानवाधिकार दिवस की इस साल की थीम, डिग्निटी, फ्रीडम और जस्टिस फॉर ऑल है। यह दिन लोगों के सामाजिक व सांस्कृतिक अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए मनाया जाता है। एनएसएस प्रभारी डॉ शालू सचदेवा और कांता जागलान ने संयुक्त रूप से मानवाधिकारों के मुख्य उद्देश्य को स्पष्ट किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने छात्राओं के अधिकारों को कर्तव्यों के साथ जोड़ा और हर व्यक्ति जन्म से कर्तव्य का पालन करते हुए अपने अधिकारों का प्रयोग करता है और इसकी जानकारी छात्राओं को होना आवश्यक है। मानवाधिकार की संवेदनशीलता के बारे मे समझ रखना छात्राओं छात्राओं के लिए बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर रुकमणी सैनी, डॉ. शालू गर्ग भी मौजूद रही।




S.D. MAHILA MAHAVIDYALYA
NARWANA
GPS Map Camera
Narwana, Haryana, India
H4V5+JQM, Old Ct Rd, Arya Up Nagar,
Narwana, Haryana 126116, India
Lat 29.594091°
Long 76.10916°
24/12/22 11:52 AM GMT +05:30
Google




नरवाना : नेताजी की प्रतिमा को माल्यार्पण करते हुए।

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मनाई जयंती

नरवाना, 23 जनवरी (विकास जेठी) : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की एनसीसी शेल ने सुभाष चन्द्र बोस की 126 वीं जयंती के उपलक्ष में सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर सुमन फूल श्रद्धांजलि के तौर पर अर्पित किए 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। सुभाषचन्द्र बोस एक भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी रहें। इस अवसर पर एनसीसी ट्रेनर प्रीति ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के व्यक्ति थे उन्होंने अन्याय न सहन करने की बात कही। और सैन्य रेजिमेंट आजाद हिंद फौज का गठन किया। और लाखों युवाओं को स्वतन्त्रता संग्राम में शमिल होने के लिए प्रेरित भी कि या। डॉ अनिता छाबड़ा ने प्रतिमा को नमन करते हुए कहा कि आज हमारा देश और हमारा जीवन जिनेके त्याग और तपस्या से खड़ा है उनको याद करके दुनिया में एक स्थान दिलवाना आवश्यक है। इस अवसर पर सुश्री रेखा कोहली ने सभी को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर एनसीसी की छात्राओं के साथ डॉ शालू सचदेवा, वेद प्रकाश भी मौजूद रहे।

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया



नरवाना/नरेन्द्र जेठी : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना के विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्या डॉ अंजना लोहान की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया । इस दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता रखी गई। इस दिवस के उपलक्ष्य में केएम  राजकीय महाविद्यालय नरवाना के भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने मुख्य वक्ता एवं निर्णायक के तौर पर शिरकत की। प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने अपने संबोधन में छात्राओं को कहा कि आप विज्ञान के विद्यार्थी हैं ,आप विज्ञान व तकनीक का सदुपयोग करें। मोबाइल में व्यर्थ एनर्जी ना लगाएं, मोबाइल का सकारात्मक प्रयोग करें। उन्होंने अपने व्यक्तिगत उदाहरण देकर छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप अपने जीवन में कुछ पाना चाहते हैं तो आपका निश्चय दृढ़ होना चाहिए, फिर दुनिया कि कोई भी ताकत आपको अपने लक्ष्य पाने से रोक नहीं सकती। डॉ अंजना लोहान ने प्रो0 श्योकंद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी छात्राएं आपके व्याख्यान से हमारी छात्राओं को बहुत लाभ हुआ है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा निशा ने प्रथम स्थान, बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा स्नेहा ने द्वितीय तथा रविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में प्रोफेसर राजेश प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुश्री रेखा कोहली, डॉ नयनदीप, डॉ शालू सचदेवा, निशा सिंगला, महक ,यशिका गर्ग, सीमा ,रितु नैन उपस्थित रहे


PI DAY
MATHS SYMBOLS
GPS Map Camera
Narwana, Haryana, India
Railway Station Rd, Model Town, Narwana, Narwana Rural, Haryana 126116, India
Lat 29.593116°
Long 76.111881°
14/03/23 12:26 PM GMT +05:30
9:53 am
Google


PI DAY
MATHS
SYMBOLS
GPS Map Camera
Narwana, Haryana, India
Railway Station Rd, Model Town, Narwana, Narwana Rural, Haryana 126116, India
Lat 29.593116°
Long 76.111881°
14/03/23 12:30 PM GMT +05:30
9:53 am
Google

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में छात्राओं को डॉक्यूमैंट्री फिल्म दिखाई



सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में छात्राएं डॉक्यूमैंट्री फिल्म देखते हुए।

नरवाना, 13 अप्रैल (विकास जेठी): सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा शाखा के द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड और डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर छात्राओं को एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई जिसमें जलियांवाला बाग हत्याकांड के कारणों, घटनाओं और शहीद उधम सिंह के जनरल डायर को मारने तक की सारी घटनाओं को विस्तृत रूप से दिखाया गया। अमृतसर के जलियांवाला बाग 13 अप्रैल 1919 को जब एक भीड़ शांतिपूर्ण तरीके से इकट्ठी हुई थी, तो ब्रिटिश सरकार ने उस पर गोली चलवा दी थी। जिसमें अनेक निर्दोष और निहत्थे लोग मारे गए थे। अंग्रेजों की गोली से बचने के लिए अनेक लोग उसी बाग में मौजूद एक कुएँ में कूद गए थे। अनेक लोग इस दौरान मारे गए थे। यह घटना भारतीय इतिहास में 'जलियांवाला बाग हत्याकांड' के नाम से जानी जाती है और इसके पश्चात राष्ट्रीय आंदोलन में डॉ भीम राव अंबेडकर की भूमिका को भी दर्शाया गया । साथ ही यह बताया गया कि संविधान को बनाने में डॉ भीमराव अंबेडकर का योगदान रहा। बिना संघर्ष , त्याग, बलिदान के कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो सकता इसीलिए समाज के अंदर आगे बढ़ने के लिए इन लोगों के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर एक अच्छे जागरूक नागरिक बना जा सकता हैं। एनएसएस छात्रा आरती और अनु ने कविता के माध्यम से जलियांवाला बाग में शहीद हुए लोगो और डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ नयनदीप और रेखा कोहली ने संयुक्त रूप से शहीदों को नमन किया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म का संचालन सुजाता द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुदेश, सुमन, वेद प्रकाश, रेनु सभी उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

**नरवाना/नरेन्द्र जेठी :** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान की अध्यक्षता में महाविद्यालय के रैड क्रॉस सैल व एन एस एस के संयुक्त तत्वाधान में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया दिवस मनाया गया। रैंड क्रॉस प्रभारी डॉ. अनीता छाबड़ा ने अपने सम्बोधन में छात्राओं को विश्व रैड क्रॉस दिवस की बधाई देते हुए कहा इस वर्ष विश्व रैड कॉस दिवस का थीम है 'हम जो कुछ करते हैं, वो दिल से होता है। उन्होंने कहा कि हम समाजसेवा, लोककल्याण या परोपकार के लिए जो अपना योगदान दे सकते है, वो हमें सच्चे हृदय व सच्ची भावना से देना चाहिए। एन एस एस प्रभारी डॉ शालू सचदेवा व कांता जागलान रैड क्रॉस के सातों सिद्धांतों मानवता, निष्पक्षता, तटस्था, स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवाएं (एकता व सार्वभोतिकता) की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने सभी को रैड क्रॉस विश्व दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर रेखा कोहली, डॉ शालू गर्ग, सुमन गर्ग, प्रफुल्ल आर्या उपस्थित रहे।



सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रैड क्रॉस सैल व एनएसएस सदस्य।

31 May 2023 - World No Tobacco Day 2



* 3 June 2023 - World Bicycle Day.



# छात्राओं ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक



**नरवाना : वर्ल्ड साइकिल डे के अवसर पर सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में पौधारोपण करते हुए गणमान्य।**

नरवाना, 3 जून (विकास जेठी): वर्ल्ड साइकिल डे के अवसर पर सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी की छात्राओं ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। लड़कियों द्वारा आसपास के लोगों के बीच साइकिल चला कर पर्यावरण संरक्षण की बात कही और साथ ही पौधा रोपण भी किया गया। ये पौधारोपण परीक्षा केंद्र में आई फ्लाइंग द्वारा सीआर किसान कॉलेज से सहायक प्रोफेसर युद्धवीर, संदीप और एसडी कॉलेज की मनीषा द्वारा किया गया।

एनएसएस प्रभारी डॉ. शालू सचदेवा ने बताया कि इसकी शुरुआत इंटरनैशनल लीग ऑफ कंजर्वेशन ने की थी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अंजना लोहान ने कहा कि साइकिल चलाने से आपका मानसिक व शारीरिक संतुलन भी ठीक रहता है। रक्त संचार सही रहता है। चिकित्सकों के अनुसार अगर आप योगा व वाकिंग नहीं कर रहे हैं तो कम से कम दो किलोमीटर साइकिल अवश्य रोज चलाएं। इससे आपके शरीर की आधी बीमारी दूर हो जाएगी। साथ ही पर्यावरण को संतुलित व स्वच्छ रखने का भी संदेश दिया। इस अवसर डॉ. अनिता छाबड़ा, एनसीसी ट्रेनर प्रीति भी उपस्थित रही।

5 June 2023 को World Environment Day Celebration



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यशाला का शुभारंभ




नरवाना : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तीन दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित छात्राएं व स्टाफ।

नरवाना, 19 जून (विकास जेठी): सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना और शारीरिक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अंजना लोहान द्वारा की गई। इस अवसर पर सीआरएसयू जींद से योग विभाग के आचार्य डॉ. वीरेंद्र, डॉ. ज्योति, शारीरिक विभाग के डॉ नरेश मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर योग आचार्य डॉ. वीरेंद्र ने बताया कि आध्यात्मिक उन्नतियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता व महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक सम्प्रदायों ने एकमत स्वीकार किया है। हमें सही आहार व खान पान का प्रयोग प्रतिदिन करना चाहिए। स्वस्थ पोषण युक्त खाना खाकर अपनी दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए। योग करते हुए सांस लेने और छोड़ने की पक्रिया का ध्यान रखना जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में योग, ध्यानयोग के माध्यम से विद्यार्थी जीवन में साकारात्मकता का संचार होता है। कॉलेज प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने बताया की योग के माध्यम से ध्यान, ईश्वर आराधना व आत्म जागरूकता के लिए शारीरिक रूप से योग गतिविधियों में सक्रिय होना चाहिए और अपने शारीरिक ऊर्जा व जीवन शक्ति को बढ़ाने में दैनिक जीवन में इसका प्रयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ शालू सचदेवा ने बताया कि योग एक स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने में सहायता करता है, इसीलिए योगासन की हर क्रिया व्यक्ति के शरीर से बीमारियों को दूर करती है इसीलिए योग को अपनाओ। प्रीति स्वयं सेविका ने योगासन की क्रियाओं के द्वारा छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही सुक्ष्म प्राणायाम का अभ्यास भी करवाया। इस अवसर पर मेट्रो योग ट्रेनर दिनेश, रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा, मनीषा, वेद प्रकाश, कृष्ण, सुनील भी मौजूद रहे।




**नरवाना : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में पौधारोपण करते राष्ट्रीय सेवा योजना और नेचर इंटरप्रिटेशन क्लब के सदस्य।**

# पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

नरवाना, 26 जुलाई (विकास जेठी): सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना और नेचर इंटरप्रिटेशन क्लब के द्वारा कारगिल विजय दिवस 2023 के अवसर पर कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम कार्यकारी प्राचार्या रेखा कोहली की अध्यक्षता में किया गया। इस साल देश का 24 वां कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। 26 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल से खेदड कर दुर्गम चोटियों पर भारत का तिरंगा फहराया था। यह कारगिल युद्ध के नायकों की बहादुरी और वीरता को भी श्रद्धांजलि देता है। इन वीर नायकों को याद करने के लिए एनएसएस प्रभारी डॉ शालू सचदेवा और नेचर इंटरप्रिटेशन क्लब की प्रभारी डॉ अनीता छाबड़ा ने पौधे लगाकर शहीदों को नमन किया। और इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ सदस्य मधु, रुक्मणी सैनी, सुमन गर्ग, मूर्ति, सुजाता, रेनू सहित लालचंद माली और भगवानदास भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एन एस एस छात्राओं ने भी अपने-अपने घर पर ही पौधा लगाकर शहीदों को नमन किया।

# एस डी महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया

नरवाना, 26 नवंबर (विकास जेठी) : एस डी महिला महाविद्यालय की सामाजिक संकाय और एनएसएस इकाई के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना की शपथ हिंदी प्रवक्ता डॉ शालू गर्ग द्वारा दिलवाई गई। और इस अवसर डॉ नयनदीप ने छात्राओं को संबोधित किया और संविधान के महत्ता की जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ शालू सचदेवा ने नागरिक के अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने और जाति पाती से उपर उठकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की बात कही। रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा भी मौजूद रहे।कॉलेज प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। एस डी महिला महाविद्यालय की सामाजिक संकाय और एनएसएस इकाई के द्वारा संविधान दिवस मनाया



नरवाना : एसडी महिला महाविद्यालय की सामाजिक संकाय और एनएसएस इकाई द्वारा संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना की शपथ लेती छात्राएं।


गया इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना की शपथ हिंदी प्रवक्ता डॉ शालू गर्ग द्वारा दिलवाई गई। और इस अवसर पर अर्थशास्त्र की प्रवक्ता डॉ नयनदीप ने छात्राओं को संबोधित किया और संविधान के महत्ता की जानकारी दी इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ शालू सचदेवा ने अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने और जाति पाती से उपर उठकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की बात कही। रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा भी मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही डॉ नयनदीप , रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा, सुमन गर्ग, सुमन खटकड़, गीता बनवाला, सुदेश, मीनाक्षी आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। साथ ही नयनदीप, रेखा कोहली, डॉ अनीता छाबड़ा, सुमन गर्ग, सुमन खटकड़ , गीता बनवाला, सुदेश, मीनाक्षी आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

10 जनवरी 2023 को वेबीनार
Women Cell + Sexual Harassment Cell

पंजाब केसरी

www.punjabkesari.in ( जींद केसरी )

# एस.डी. महिला कालेज में इंटरनैट पर शोषण से बचाव की जानकारी के लिए वेबीनार आयोजित




बैवीनार में भाग लेते हुए दिल्ली पुलिस के अधिकारी। (राजीव)

नरवाना, 11 जनवरी (राजीव): सनातन धर्म महिला महाविद्यालय, नरवाना में एन.एस.एस., वूमैन सैल और सैक्सुअल हासमैंट सैल, सी.एस.आर. और दिल्ली पुलिस के द्वारा संयुक्त तत्वाधान में इंटरनैट के द्वारा लड़कियों एवं महिलाओं के यौन शोषण पर वैबीनार आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता दिल्ली पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर एच.एस. रंधावा व उनकी टीम रही। ए.सी.पी. एच.एस. रंधावा ने बताया कि इंटरनैट पर महिलाओं के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने की वजह से मानसिक रूप से व्यक्ति बीमार हो जाता है, जिस वजह से वह आत्महत्या जैसे कदम को अंजाम दे देता है। इससे बचाव के लिए अपनी सुरक्षा के लिए साइबर सैल में जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाएं और बिना किसी से डरे शोषण के विरुद्ध आवाज उठाकर अपराध को रोकने के लिए आगे आएं।

उन्होंने सैक्सुअल हासमैंट के विभिन्न चरणों व सुरक्षात्मक चरणों के बारे में पी.पी.टी. के माध्यम से बताया। छात्राओं को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने और रिसीव करने से पहले कंटैंट ध्यान रखने की बात भी कही। दिल्ली पुलिस के इंस्पैक्टर अनिल ने बताया कि ऑनलाइन उत्पीड़न का सीधा मतलब है कि इंटरनैट या सोशल मीडिया के माध्यम से दबाव डालना या धमकी मिलना। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को आसानी से प्रभावित कर सकता है।

उन्होंने बताया कि सैक्सुअल ट्रोलिंग, इंटरनैट ट्रोलिंग व ऑनलाइन ट्रोलिंग के माध्यम से मानसिक रूप से दबाव बनाया जाता है। दिल्ली पुलिस में कार्यरत सब-इंस्पैक्टर अनुजा ने क्राइम के प्रकारों व सुरक्षात्मक कदमों के साथ दंड संहिता के अधिनियमों आदि की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई अपराधी हमारे कंटैंट को चोरी करता है या हमारी प्रोफाइल को चुरा लेता है या चाइल्ड पोर्नग्राफी करता है तो उसकी सजा आई.पी.सी. धारा के अनुसार दी जाती है।

इसके साथ ही इसी टीम की सैंड्रा एलिजा ट्रेनर ने साइबर क्राइम पोर्टल और एन.सी.आर. पोर्टल की जानकारी देते हुए हैल्पलाइन नं. 1930 के बारे में साइबर क्राइम डॉट कॉम में कैसे शिकायत दर्ज करवा सकती हैं, इस बारे में छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी।

मीडिया उपदेशक डा. प्रज्ञा कौशिक ने सी.एस.आर. और दिल्ली पुलिस के द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और छात्राओं की सुरक्षा के लिए उन्होंने इंटरनैट को सही रूप से प्रयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप में प्राइवेसी को अपनाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सी.एस.आर. और दिल्ली पुलिस बढ़ते साइबर क्राइम में महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने के लिए हमेशा इस तरह के वैबीनार करवाती है।

कॉलेज की सैक्सुअल हासमैंट कमेटी विभाग की प्रभारी डा. नयनदीप ने महत्वपूर्ण जानकारी के लिए सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। एन.एस.एस. प्रभारी डा. शालू सचदेवा ने बताया कि इंटरनैट के माध्यम से हो रहे यौन उत्पीड़न की जानकारी छात्राओं को अवश्यंभावी होनी चाहिए।


इस अवसर पर प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने भी छात्राओं के इंटरनैट यौन उत्पीड़न बढ़ने के मामलों का कारण ज्ञान का अभाव बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्याख्यान छात्राओं में जागरूकता लाते हैं, इसीलिए महिलाओं की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए ऐसे वैबीनार होना आवश्यक है।

# एस.डी. महिला कॉलेज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



भीम अवार्डी रिम्पी को सम्मानित करती हुईं प्रि. डा. अंजना लोहान व अन्य प्राध्यापिकाएं। (राजीव)

नरवाना, 4 मार्च (राजीव) : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना के सभागार में प्राचार्या डा. अंजना लोहान की अध्यक्षता में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन उत्सव मनाया गया। इस समारोह में महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रिम्पी को मुख्यातिथि के रूप में बुलाया गया।



कॉलेज परिसर में श्रमदान करती हुईं छात्राएं। (राजीव)

प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने रिम्पी का स्वागत करते हुए व छात्राओं को मुख्यातिथि का परिचय देते हुए कहा कि हमें छात्रा रिम्पी पर नाज है। उन्होंने बताया कि छात्रा रिम्पी भारतीय महिला टीम की कैप्टन रही। रिम्पी को उसकी खेल उपलब्धियों के आधार पर हरियाणा सरकार ने सन 2021-22 में भीम अवार्ड दिया। यह भीम अवार्ड हरियाणा के गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय के कर-कमलों से रिम्पी को प्राप्त हुआ।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. नयनदीप एवं डा. अनीता छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि रिम्पी को इसलिए महाविद्यालय में मुख्यातिथि के रूप में बुलाया है ताकि महाविद्यालय की छात्राएं इस छात्रा से प्रेरणा लें। यह समझ पाएं कि वास्तविक अर्थों में महिला सशक्तिकरण को जानना है तो रिम्पी उसका एक ज्वलंत उदाहरण है। आप सब छात्राएं भी अपनी ताकत को पहचानें व सशक्त बनें।

रिम्पी ने कहा कि मैंने अपने जीवन में जो कुछ पाया है वह अपने गुरुजनों, कॉलेज व अपने माता-पिता से पाया। उन्होंने कहा कि यदि कोई लक्ष्य अपने मन में दृढ़ता से ठान लिया तो वह लक्ष्य आप पाकर ही रहोगे यदि आपका जज्बा सच्चा है। कोई आर्थिक कठिनाई या किसी भी अन्य तरह का संकट आपके रास्ते में रुकावट नहीं बन सकता। कार्यक्रम के अंत में रिम्पी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित गया किया।

**छात्राओं ने किया श्रमदान :** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के छठे दिन की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम के साथ हुई। उसके पश्चात एन.एस.एस. की दोनों यूनिटों के द्वारा कॉलेज के अंदर श्रमदान किया गया और इस श्रमदान में पुस्तकालय, फैशन डिजाइनिंग, मैदान की सफाई की गई और इसके पश्चात एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. शालू सचदेवा ने श्रम के महत्व व भूमिका पर प्रकाश डाला।

कांता जागलान ने बताया कि हम श्रम करके समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं और देशभक्ति व एकता को बनाए रखने के लिए हमेशा अग्रसर रहना चाहिए।

दोपहर के भोजन के पश्चात छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने छात्राओं के कार्य के लिए उन्हें शाबाशी दी।

पंजाब केसरी (5/3/2023)

# पौधरोपण के साथ एनएसएस शिविर का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

नरवाना। एसडी महिला महाविद्यालय में सोमवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य डॉ. अंजना लोहान ने छात्राओं को समाजसेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में 100 छात्राएं भाग ले रही हैं, जिनमें 10-10 छात्राओं के ग्रुप बनाए गए हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से की गई। डॉ. लोहान ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। हमें निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

मेहनत से हम अपने भाग्य को बदल सकते हैं। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनीता छाबड़ा ने नारी न+अरि यानी जिसका कोई दुश्मन नहीं है के बारे में बताया। सृष्टि की सर्जनात्मक शक्ति नारी को बताया। इसके बाद स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर में स्वच्छता रैली निकाली गई। दोपहर के बाद पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालू सचदेवा, डॉ. प्रफुल्ल आर्य, रेखा कोहली, रुकमणी सैनी, सुमन गर्ग, कांता जागलान, सुमन नेहरा, सुजाता गोयल, सुमन खटकड़, गीता, सुदेश, सिंपी बेदी, कुसुम, जसबीर उझाना, वेद प्रकाश भी मौजूद रहे।




रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं प्राचार्य डॉ. अंजना लोहान। संवाद

अमर उजाला (28/2/23)

## ...शा रही प्रथम

## विज्ञान व तकनीक का करें सदुपयोग : प्रोफेसर राजेश



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का अवलोकन करते मुख्यातिथि। • विज्ञप्ति

**नरवाना** : सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्या डा. अंजना लोहान की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इसमें केएम राजकीय महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने मुख्यातिथि व निर्णायक मंडल के तौर पर शिरकत की। मुख्यातिथि प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान व तकनीक का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी जीवन में कुछ पाना चाहते हैं तो उसके लिए दृढ़ निश्चय अपनाते हुए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने कहा कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा निशा ने प्रथम, बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा स्नेहा ने द्वितीय तथा रविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रेखा कोहली, डा. नयनदीप, डा. शालू सचदेवा, निशा सिंगला, महक, यशिका गर्ग, सीमा व रितु नैन भी उपस्थित रहे। (संसू)

दैनिक जागरण (1-3-2023)
हरिभूमि (1-3-23)

# एस.डी. महिला कॉलेज में किया पौधारोपण

नरवाना, 3 जून (राजीव) : विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व एन.सी.सी. की छात्राओं ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। लड़कियों द्वारा आसपास के लोगों के बीच साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण की बात कही और साथ ही पौधारोपण भी किया गया।

पौधारोपण परीक्षा केंद्र में आई फ्लाइंग द्वारा सी.आर. किसान कॉलेज से सहायक प्रो. युद्धवीर, संदीप और एस.डी. कॉलेज की मनीषा द्वारा किया गया।



*एस.डी. महिला कॉलेज में पौधारोपण करते हुए।*

एन.एस.एस. प्रभारी डा. शालू सचदेवा ने बताया कि इसकी शुरूआत इंटरनैशनल लीग ऑफ कंजर्वेशन ने की थी। कॉलेज प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने कहा कि साइकिल चलाने से आपका मानसिक व शारीरिक संतुलन भी ठीक रहता है। रक्त संचार सही रहता है।

चिकित्सकों के अनुसार अगर आप ये
वाकिंग नहीं कर रहे हैं तो कम से कम 2 किल
साइकिल अवश्य रोज चलाएं, इससे आपके
की आधी बीमारी दूर हो जाएगी। साथ ही प
को संतुलित व स्वच्छ रखने का भी संदेश

इस अवसर डा. अनिता छाबड़ा व एन
ट्रेनर प्रीति भी उपस्थित रही।

पंजाब केसरी (4/6/23)

15 सितम्बर को ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता अन्तर्महाविद्यालय स्तर पर करवाई गई।

18 सितम्बर जीन्द जागरण अमर उजाला

पानीपत, 18 सितंबर, 2021 दैनिक जागरण

**संक्षिप्त समाचार**

**भाषण प्रतियोगिता में पानीपत की सिमरन प्रथम**



नरवाना में राज्यस्तरीय आनलाइन भाषण प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को राशि भेजती प्राचार्या डा. अंजना लोहान। • स्कूल पीआर

नरवाना : एसडी महिला कालेज की प्राचार्या डा. अंजना लोहान के नेतृत्व में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय अंतर्महाविद्यालय आनलाइन भाषण प्रतियोगिता हुई। संयोजिका डा. अनिता छाबड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान हिंदी साहित्य की सकारात्मकता रखा गया। महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका रुक्मणी सैनी, डा. शालू गर्ग, सुदेश बनवाला ने निभाई। प्रतियोगिता के परिणाम में आइबी कालेज, पानीपत से सिमरन प्रथम, केएम कालेज, नरवाना से सुंदर ने द्वितीय तथा कन्या महाविद्यालय खरखौदा सोनीपत से नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने कहा कि इन विजेताओं को 800 रुपये, 600 व 400 रुपये का नकद पुरस्कार खाते में भेज दिये जाएंगे। (संवु)

1. प्रथम स्थान - सिमरन आइबी॰ कॉलेज पानीपत

2. द्वितीय स्थान – सुंदर (के॰एम॰ कॉलेज नरवाना)

3. तृतीय स्थान – नेहा (कन्या महाविद्यालय खरखौदा)

15 सितम्बर 2021 हिन्दी दिवस के उपलक्ष में

जीन्द भास्कर

**हिन्दी हमारी पहचान है, इसे महत्व देना हमारा कर्तव्य : अनीता छाबड़ा**

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अंजना लोहान की अध्यक्षता में हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनीता छाबड़ा के नेतृत्व में हिंदी दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने कहा कि हिन्दी भारतवर्ष का गौरव है, हमें हिन्दी का सम्मान न केवल हिन्दी दिवस पर अपितु प्रत्येक दिन करना चाहिए। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की प्राध्यापिकाओं रुक्मणी सैनी, सुदेश बनवाला, कांता जागलान और डॉ. शालू गर्ग ने भी हिन्दी दिवस पर अपने विचार रखे।

DATE : / /20
PAGE No

सत्र - 19-20

15 सितम्बर 2020 को हिन्दी दिवस के अवसर पर ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर करवाई गई। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ॰ जगदीप शर्मा राही ने निभाई (प्राचार्य राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल )(बेलरखा)
प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को नकद पुरस्कार उनके खाते में जमा करवाए गए।

पानीपत, मंगलवार 29 सितंबर, 2020 | 02

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में एसडी कॉलेज की छात्रा रितु ने पाया दूसरा स्थान



नरवाना | सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की प्राचार्य की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। डॉ. अनीता छाबड़ा ने बताया कि यह प्रतियोगिता हमने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी की महता प्रतिपादित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता रखी थी। इसमें पूरे भारत से प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाइन निबंध भेजे गए। निर्णायक मंडल की भूमिका राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेलरखा के प्राचार्य डॉ. जगदीप शर्मा राही ने निभाई। प्राचार्य डॉ. पूनम शर्मा ने इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि इस ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता में राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (मध्यप्रदेश) श्रोत्रिय ने प्रथम स्थान तथा सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रितु ने दूसरा स्थान और राजकीय महिला महाविद्यालय भट्टू कलां के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मनीषा ने तीसरा स्थान व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के बीए तृतीय वर्ष के छात्र ज्योतिष मौर्य ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रेखा कोहली, डॉ नयन दीप, डॉ शालु गर्ग व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

DATE: / /20
PAGE No

14 सितम्बर 2018 वार शुक्रवार को भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में 50 छात्राओं ने भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता का परिणाम

**कॉलेज में करवाई निबंध और भाषण प्रतियोगिता**

नरवाना | हिंदी दिवस के मौके पर बुधवार को सनातन धर्म महिला कॉलेज के सभागार में हिंदी विभाग व हरियाणा साहित्य अकादमी के संयुक्त रूप से हिंदी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्या पूनम शर्मा की अध्यक्षता में इस मौके पर निबंध, लेखन, भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## भाषण पाठ प्रतियोगिता

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1820 | 7 | अंशुल | B.A. III rd | हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा |
| 1703 | 5½ | मेघना | B.A. III rd | हिन्दी का इतिहास |
| 1503 | 6 | गुड़िया | B.A. II nd | हिन्दी पर भाषण |
| 1804 | 5 | एकता | B.C.A. III rd | अनेकता में एकता |
| 1888 | 5 | पूजा | B.A. III rd | हिन्दी पर भाषण |
| 1851 | 4 | रीना | B.C.A. III rd | महत्वकांक्षा |
| 1629 | 6-1 (5) | रवीना | B.S.C. | एकता में अनेकता |
| 0048 | (6) | कर्मजीत | B.Com I | हिन्दी नई चाल में ढली 1973 |